भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या :3016

दिनांक 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण,1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कोझिकोड विमानपत्तन से बड़े आकार के विमानों का संचालन

3016. डॉ. एम.पी.अब्दुस्समद समदानी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कोझिकोड विमानपत्तन से बड़े आकार (वाइड बॉडी) विमानों का संचालन पुन: आरंभ करने में विलंब के कारण यात्रियों, विशेषकर प्रवासियों को होने वाली कठिनाईयों से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का ऐसे विमानपत्तनों को पुन: संचालन शीघ्र ही आरंभ करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख): सरकार को एसोशिएसन से और लोक प्रतिनिधियों की ओर से कोझिकोड हवाईअड्डे पर, वाइड बॉडी विमानों का प्रचालन आरंभ करने के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

कोझिकोड हवाईअड्डे पर हुई दुर्घटना के संबंध में वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन तथा सिफारिशों के कार्यान्यन के क्रम में अपेक्षित कार्यों के निष्पादन की निगरानी के लिए, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा विशेज्ञता वाले सदस्यों की, एक समिति का गठन किया गया है। समिति को सौंपे गए कार्यों में से एक कार्य, कोझिकोड हवाईअड्डे पर वाइड बॉडी विमानों के प्रचालन की व्यवहार्यता का अध्ययन करना और इसके संबंध में अपनी सिफारिशें देना है।